हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 2 अप्रैल 2026, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है जो न केवल कुशल हो बल्कि नागरिक-केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए आज एक वीडियो संदेश में यह बात कही। वर्तमान शासन को 'नागरिक देवो भव' के मंत्र से निर्देशित बताते हुए श्री मोदी ने कहा

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल बुनियादी □ांचे और प्रौद्योगिकी पर ही नहीं, बल्कि कुशल और प्रतिबद्ध मानव संसाधन पर भी होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार शासन का प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी राष्ट्र की शक्ति उसकी संस्थाओं की क्षमता में निहित होती है और उस क्षमता को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार सभी नागरिकों की आकांक्षाओं और सपनों को साकार करने में सहायता सुनिश्चित कर रही है।

****
****

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच सरकार ने कहा है कि देश में उर्वरक बीज और कृषि रसायनों का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों

पर नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी बैठक में कृषि विभाग की अपर सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि देश भर में खरीफ फसलों के 185 लाख क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध हैं।

जितने प्रमुख फसल है उनका पर्याप्त बीज उपलब्ध है धान जिसका सबसे ज्यादा अधिक मात्रा में उपयोग होता है 80 दशमलव 9 लाख क्विंटल, सोयाबीन 35 दशमलव 7 लाख क्विंटल, मूंगफली 21 दशमलव एक, मक्का 11 दशमलव 9 और बाकी तुअर, मूंग और उड़द इनकी पर्याप्त मात्रा में बीज की उपलब्धता है। यह बीच की उपलब्धता सभी राज्यों में पर्याप्त क्वांटिटी में अवेलेबल है।

अपर सचिव ने कहा कि वर्तमान खरीफ सीजन के लिए पहले से ही 46 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध हैं और कृषि रसायनों की भी पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि टमाटर, प्याज और आलू सहित प्रमुख फसलों की कीमतें स्थिर हैं और थोक स्तर पर इनमें सुधार दिख रहा है।

****

****

हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सभी को हनुमान जयंती के पावन पर्व पर बधाई दी है।

श्री बड़ौली ने कहा कि आज के समय में, जब व्यक्तिगत स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा की भावना समाज में बढ़ती जा रही है, तब हनुमान जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि सामूहिक कल्याण में निहित होती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने भीतर श्री

हनुमान जी के गुणों को धारण करने और समाज और राष्ट्र की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

****

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल चंडीगढ़ में कृषि एवं बागवानी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल विविधीकरण, बागवानी और उच्च मूल्य वाली फल फसलों के विस्तार पर बल दिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में मिट्टी और जलवायु के अनुसार क्लस्टर आधारित खेती मॉडल विकसित किया जाए, ताकि किसानों को कम समय में अधिक उत्पादन और बेहतर मूल्य मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक फसलों के साथ-साथ फल उत्पादन को बड़े स्तर पर बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी, नींबू, अमरूद और ड्रैगन फ्रूट जैसी प्रमुख फल फसलों के लिए उपयुक्त क्षेत्रों की पहचान कर क्लस्टर विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन फलों की बाजार में मांग और लाभकारी मूल्य को देखते हुए किसानों को इनके उत्पादन,पौध उपलब्धता, प्रसंस्करण और विपणन से जोड़ा जाए। उन्होंने सोयाबीन, मूंगफली, दलहन, फल फसलों तथा गन्ने के ऊतक संवर्धन आधारित उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को बहु-फसली, बहु-उत्पाद और उच्च मूल्य आधारित खेती से जोड़कर स्थायी आय के अवसर प्रदान करना है।

****

****

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद नगर निगम ने सड़कों की सफाई में उपयोग होने वाली झाड़ू लगाने वाली मशीनों

को GPS ट्रैकर, सेंसर और हाईटेक कैमरों से युक्त करने का फैसला लिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक मशीन में चार कैमरे लगाए जाएंगे, जो आगे और पीछे दोनों दिशाओं की रिकॉर्डिंग करेंगे।

****
****